# भर्ती हेतु सूचना

## परामर्शदाता– पीएचए प्रभाग के तहत राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन (एनयूएचएम)

राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र, स्वास्थ्य मंत्रालय का एक तकनीकी सहयोग निकाय है, जिसे राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के कार्यान्वयन में सहायता प्रदान करने का दायित्व सौंपा गया है। इसे सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली को सुदृढ़ करने के लिए राज्यों को तकनीकी सहायता एवं क्षमता विकास में सहयोग प्रदान करने हेतु एनएचएम के तहत एक स्वायत्त पंजीकृत सोसाइटी के रूप में गठित किया गया है। इसे राष्ट्रीय रणनीतिक स्वास्थ्य नियोजन एवं कार्यक्रम डिजाइन में योगदान करने का भी दायित्व सौंपा गया है। एनएचएसआरसी विविध प्रभागों, यथा– सामुदायिक प्रक्रियाएं, गुणवत्ता आश्वासन, जन स्वास्थ्य नियोजन, जन स्वास्थ्य प्रशासन, स्वास्थ्य वित्तपोषण, स्वास्थ्य प्रौद्योगिकी, एचएमआईएस और स्वास्थ्य के लिए मानव संसाधन में संगठित है।

एनएचएसआरसी, अपने पीएचए प्रभाग को सहयोग प्रदान करने हेतु पूर्णतः संविदा आधार पर परामर्शदाता, एनयूएचएम की भर्ती करने का इच्छुक है। परामर्शदाता, सलाहकार, पीएचए के पर्यवेक्षण और समग्र मार्गदर्शन में कार्य करेगा। अभ्यर्थी जीवंत, गतिशील और पहल एवं अपनत्व की भावना से अत्यंत अभिप्रेरित, और टीम के अंग के रूप में सौंपा गया कोई भी दायित्व स्वीकार करने को तैयार होना चाहिए। उनसे अपेक्षा की जाती है कि वे निर्धारित समय सीमा के भीतर, ब्यौरों का पूर्ण ध्यान रखते हुए उच्च गुणवत्ता वाले लिखित कार्य करें। विशेष रूप से गरीब और कमजोर आबादी के लिए समस्या–समाधान के दृष्टिकोण के साथ स्वास्थ्य प्रणालियों से जुड़े मुद्दों पर कार्य करने के लिए उत्साहित होना चाहिए। राष्ट्रीय स्तर पर नीतिगत विकास की दिशा में कार्य करने के लिए उत्साहित होना चाहिए। सतर्क और उत्सुक होना चाहिए और किसी भी परिस्थिति में उचित समाधान निकालने की क्षमता होनी चाहिए। उसमें टीम के समक्ष नए और अभिनव विचार रखे जाते समय प्रश्न उठाने की क्षमता होनी चाहिए।

सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रशासन (पीएचए) प्रभाग, शासन और प्रबंधन में आने वाली चुनौतियों, विशेष रूप से राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन द्वारा निर्देशित सुधारों के संदर्भ में सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली के सुदृढ़ीकरण का कार्य करता है। यह प्रभाग महत्वपूर्ण और गैर–महत्वपूर्ण स्वास्थ्य केंद्रों में तकनीकी प्रोटोकॉल अपनाने के लिए स्वास्थ्य सुविधाओं की ढांचागत जरूरतों पर राज्यों को तकनीकी सहायता प्रदान करता है। यह प्रभाग राज्यों, जिलों और अस्पतालों को गुणवत्तापूर्ण सेवा प्रदायगी सुनिश्चित करने में मदद करता है, जो रोगियों और सेवा प्रदाताओं दोनों की अपेक्षाओं को पूरा करती हैं। एनयूएचएम, प्रभाग के प्रमुख कार्य क्षेत्रों में से एक है। पीएचए, संपूर्ण भारत के राज्यों के साथ मिलकर एनयूएचएम के कार्यान्वयन और मानव संसाधन एवं एनयूएचएम के तहत संबंधित हितधारकों के क्षमता विकास में सहायता करता है। पीएचए के अन्य कार्यों में आरएमएनसीएच+ए, मातृ एवं शिशु मृत्यु समीक्षा, आईपीएचए, एलएसएएस, ईएमओसी, परिवार चिकित्सा, पीएमएसएमए, सार्वजनिक स्वास्थ्य के लिए कानूनी ढांचा और राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन शामिल हैं।

योग्यताएं और अनुभवः

**i)** अनिवार्य

- किसी ख्यातिप्राप्त जन स्वास्थ्य संस्थान से जन स्वास्थ्य, सामुदायिक स्वास्थ्य, निवारक एवं सामाजिक चिकित्सा में स्नातकोत्तर या उच्चतर योग्यता।
- एनयूएचएम अथवा स्वास्थ्य प्रणाली सुदृढ़ीकरण, कार्यक्रम नियोजन या कार्यान्वयन में योग्यता उपरांत कार्य करने का न्यूनतम 3 वर्षों का अनुभव।
- फील्ड स्तर पर स्वास्थ्य कार्यक्रमों का संचालन करने; राज्य, जिला स्तरीय स्वास्थ्य प्रणालियों को सुदृढ़ करने का प्रदर्शित अनुभव।
- शहरी स्वास्थ्य कार्यक्रम के विभिन्न पहलुओं की व्यापक समझ हो।
- विभिन्न मंत्रालयों एवं शहरी क्षेत्रों में संचालित किए जा रहे कार्यक्रमों की जानकारी हो।

- नगर निगम एवं शहरी स्थानीय निकायों (यूएलबी) के कार्यों की अच्छी समझ।
- कार्यक्रम के लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए रणनीतियां बनाने और तदनुसार गतिविधियों की योजना बनाने की योग्यता।
- कार्यक्रम/नीतिगत स्तर पर शहरी स्वास्थ्य संबंधी मुद्दों पर कार्य करने, निगरानी और मूल्यांकन, आंकड़ा विश्लेषण, जन स्वास्थ्य प्रशासन, शासन की क्षमता और अनुभव।
- आम तौर पर उपयोग किए जाने वाले पैकेजों, जैसे कि एमएस–वर्ड, एक्सेल, पावर पाइंट के उच्च स्तरीय ज्ञान सहित कंप्यूटर प्रवीणता।
- विविध प्रकार के टीम परिवेश में कार्य करने की प्रदर्शित योग्यता।
- उत्कृष्ट मौखिक एवं लिखित संप्रेषण एवं प्रस्तुति कौशल, विश्लेषणात्मक एवं अंतर्वैयक्तिक क्षमता।
- शहरी स्वास्थ्य पर तकनीकी दिशानिर्देश और दस्तावेज तैयार करने की योग्यता।
- तकनीकी सहायता प्रदान करने के लिए राज्यों एवं जिलों की यात्रा करने का इच्छुक और निर्धारित समय सीमा के भीतर एक साथ विविध कार्य करने की योग्यता।
- गुणवत्तापूर्ण प्रकाशित कार्य या विशिष्ट सुसंगत कार्य अनुभव रखने वाले अभ्यर्थियों के लिए शैक्षणिक योग्यता और अनुभव में ढील दी जा सकती है।

**ii)** वांछनीयः

- एमबीबीएस/बीएएमएस/बीयूएमएस/बीडीएस स्नातक उपाधि,
- जन स्वास्थ्य के सुसंगत क्षेत्रों में अनुसंधान का अनुभव,
- स्वास्थ्य प्रणालियों या जन स्वास्थ्य के क्षेत्र में प्रकाशित कार्य,
- केन्द्रीय स्तर, राज्य स्तर या तकनीकी सहायता निकायों के साथ स्वास्थ्य प्रणाली का पूर्व अनुभव रखने वाले अभ्यर्थियों को वरीयता दी जाएगी।

भूमिकाएं एवं दायित्वः

- केंद्रीय स्तर पर एनयूएचएम की नीति एवं नियोजन प्रक्रिया में योगदान करना, और राज्य स्तर पर कार्यान्वयन प्रक्रिया में सहयोग करना।
- कार्यक्रम के सुचारू क्रियान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए सलाहकार (पीएचए) के समग्र मार्गदर्शन में स्वास्थ्य मंत्रालय और राज्य सरकारों के साथ मिलकर कार्य करना।
- वर्ष के आरंभ में राज्यवार लक्ष्य निर्धारित करना, कार्य योजना तैयार करना और निर्धारित समय सीमा के भीतर इसे प्राप्त करने का प्रयास करना।
- कार्यक्रम के कार्यान्वयन में राज्य के स्वास्थ्य विभागों और शहरी स्थानीय निकायों (यूएलबी) को तकनीकी सहायता उपलब्ध कराना।
- राज्यों में कार्यान्वयन की प्रगति की समीक्षा करने के लिए समय–समय पर निगरानी दौरे करना, रिपोर्ट तैयार करना और राज्यों द्वारा सिफारिशों के कार्यान्वयन पर अनुवर्ती कार्रवाई करना।
- सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से प्राप्त पीआईपी प्रस्तावों का विश्लेषण करना और संसदीय प्रश्नों का उत्तर देना।
- कार्यान्वयन में बाधाओं को दूर करने के लिए फील्ड दौरे, एचएमआईएस, तिमाही प्रगति रिपोर्ट के आंकड़ों और प्रेक्षणों का विश्लेषण एवं उपयोग करना।
- विशिष्ट कार्यक्रम घटकों जैसे कि जोखिम मानचित्रण, शहरी स्वास्थ्य सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण, व्यापक गतिविधियों के संचालन आदि के बारे में राज्यों का मार्गदर्शन करना।

- स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा निर्णय लेने में आसानी के लिए राज्यों से प्राप्त शहरी स्वास्थ्य प्रस्तावों की समीक्षा और आकलन करना।
- स्वास्थ्य मंत्रालय, परामर्शी प्रतिष्ठानों एवं अन्य हितधारकों का सहयोग लेते हुए, सलाहकार और वरिष्ठ परामर्शदाता के मार्गदर्शन में कार्यक्रम दस्तावेजों और दिशानिर्देशों का मसौदा तैयार करना।
- स्वास्थ्य मंत्रालय, एशियाई विकास बैंक और अन्य कार्यान्वयन भागीदारों के साथ उचित स्तरों पर संपर्क करना।
- स्वास्थ्य विभाग, नगर निकायों और अन्य हितधारकों से विभिन्न संवर्गों और कर्मचारियों के लिए क्षमता निर्माण और अभिमुखीकरण सामग्री के विकास का समन्वय करना।
- कार्यक्रम और नैदानिक स्टाफ दोनों के लिए राज्यों को विशिष्ट क्षमता निर्माण सहायता प्रदान करना।
- शहरी स्वास्थ्य के लिए एनएचएसआरसी के अन्य प्रभागों जैसे कि गुणवत्ता आश्वासन, सामुदायिक प्रक्रियाएं और जन स्वास्थ्य नियोजन, स्वास्थ्य के लिए मानव संसाधन, स्वास्थ्य प्रौद्योगिकी और स्वास्थ्य देखभाल वित्तपोषण प्रभागों के साथ समन्वय और सहयोग करना
- सलाहकार द्वारा समय–समय पर सौंपे गए पीएचए प्रभाग के अन्य कार्य करना।

गुणवत्तापूर्ण प्रकाशित कार्य या विशिष्ट सुसंगत कार्य अनुभव होने पर औपचारिक शैक्षणिक योग्यता और अनुभव में ढील दी जा सकती है।

आयु सीमाः अधिकतम40 वर्ष (आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि को)

कार्य स्थलः नई दिल्ली, आवश्यकतानुसारयात्रा करने का इच्छुक।

पारिश्रमिक सीमाः प्रतिमाह 44,000/– रु. से 99,000/– रु. के बीच*

**योग्यता एवं अनुभव के आधार पर उपर्युक्त सीमा में पारिश्रमिक का निर्धारण किया जाएगा।*

आवेदन कैसे करेंः अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि वे एनएचएसआरसी की वेबसाइट पर अपलोड किए गए भर्ती हेतु सूचना के साथ संलग्न आवेदन पत्र को डाउनलोड कर विधिवत भरे हुए आवेदन पत्र को **2nd June** 2019 तक recruitment.pha.nhsrc@gmail.com पर ई–मेल कर दें। किसी अन्य प्रारूप में प्रस्तुत किया गया आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा। कृपया सुनिश्चित करें कि आवेदन पत्र पर आवेदन किए गए पद का उल्लेख किया गया है, अन्यथा आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किया जाएगा।